# भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय

लालूनगर, मधेपुरा – 852 113 (बिहार)

पत्रांक : ........................

दिनांक : ........................

सेवा में,

निदेशक (उच्च शिक्षा),
शिक्षा विभाग, बिहार सरकार,
नया सचिवालय, पटना।

विषय :– इवनिंग कॉलेज, मधेपुरा को स्नातक कला, संकाय में वर्तमान चालू सत्र यथा सत्र – 2012–13 से स्नातक पास एवं प्रतिष्ठा स्तर तक नवसम्बन्धन प्रदान करने के सम्बन्ध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार सूचित करना है कि इवनिंग कॉलेज, मधेपुरा को स्नातक कला संकाय के निम्नलिखित विषयों में वर्तमान चालू यथा सत्र 2012–13 से स्नातक पास एवं प्रतिष्ठा स्तर तक नवसम्बन्धन प्रदान करने के प्रस्ताव में संबंधन एवं नवशिक्षण कार्यक्रम समिति की बैठक दिनांक–08.09.12 के कार्यावली सं0–13 में अनुमोदन प्रदान प्रदान किया गया है। विगत अधिषद की बैठक दिनांक–24.12.11 के कार्यावली संख्या–07 (अंश) में इस तरह के प्रस्ताव को अधिषद की स्वीकृति की प्रत्याशा में राज्य में प्रेषित करने का प्रस्ताव पारित है –

**कला संकाय** – हिन्दी, अंग्रेजी, मैथिली, संस्कृत, उर्दू, फारसी, अरबी, बंगाली, इतिहास, प्राचीन इतिहास, सामजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, गृह विज्ञान, अर्थशास्त्र, ग्रामीण अर्थशास्त्र, श्रम एवं समाज कल्याण, भूगोल, मनोविज्ञान, संगीत, सांख्यिकी, गणित, मानवशास्त्र एवं दर्शनशास्त्र (कुल 23 विषयों में)।

अतः निरीक्षण प्रतिवेदन (अनुलग्नक सहित), संबंधन एवं नवशिक्षण कार्यक्रम समिति एवं अधिषद के कार्यवृत की प्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 (अद्यावधि संशोधित) की धारा–21 (2) (डी) के तहत् इवनिंग कॉलेज, मधेपुरा को कला संकाय के उपर वर्णित विषयों में विश्वविद्यालय की अनुशंसा के आलोक में स्नातक पास एवं प्रतिष्ठा स्तर तक वर्तमान चालू सत्र यथा सत्र 2012–13 से पाँच सत्रों के लिए नवसंबंधन प्रदान करने के प्रस्ताव में राज्यादेश प्राप्त कर अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

अनुलग्नक – यथोक्त।

ह0/–

कुलसचिव

ज्ञापांक–जी.एस.(आई.सी.–030/11)–401/13 / दिनांक– 7-2-13 /

प्रतिलिपि :–

1. प्रधानाचार्य/सचिव, इवनिंग कॉलेज, मधेपुरा।
2. कुलपति के सचिव–सह–निजी सहायक/कुलसचिव के निजी सहायक, बी0 एन0 एम0 यू0, मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

कुलसचिव

Attested
Principal
Evening College
Madhepura (Bihar)

PRINCIPAL
Evening College
Kaushalya-Gram, Madhepura (Bihar)

पत्रांक–15/एम 1–37/2021...3472.
बिहार सरकार
शिक्षा विभाग

प्रेषक,

डा० (प्रो0) रेखा कुमारी,
निदेशक (उच्च शिक्षा)।

सेवा में,

कुलसचिव
राज्य के सभी विश्वविद्यालय, बिहार।

पटना, दिनांकः– 13.9.23.

विषयः– असंबद्ध महाविद्यालय में नामांकित/उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि विषयांकित मामले में महाधिवक्ता महोदय से विमर्श किया गया। विमर्श के क्रम में स्पष्ट हुआ है कि इस मामले में लगभग 263000 छात्रों का भविष्य सन्निहित है। यद्यपि असंबद्ध महाविद्यालय में छात्रों का नामांकन लिये जाने में विश्वविद्यालय अधिनियम की निहित प्रक्रिया का उल्लंघन किया गया है। इसके लिए विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के तत्कालीन पदाधिकारीगण जिम्मेवार है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में राज्य के सभी विश्वविद्यालय से विषयांकित मामले में जानकारी मॉगी गयी थी। किन्तु उस समय सभी विश्वविद्यालय द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं करायी गयी।

अतः छात्रहित को ध्यान में रखते हुए संबंधित महाविद्यालयों (संलग्न सूची के अनुसार) को उक्त वर्णित सत्रों हेतु अस्थायी संबंधन प्रदान मानते हुए महाविद्यालय से उत्तीर्ण/नामांकित छात्र–छात्राओं के संबंध में परीक्षाफल प्रकाशन करने की अनुमति इस शर्त्त के साथ प्रदान की जाती है कि, इसे पूर्वादाहरण नहीं माना जायेगा। साथ ही विश्वविद्यालय अधिनियम का उल्लंघन कर जिन संबद्ध महाविद्यालयों द्वारा बिना सक्षम प्राधिकार से संबंधन प्राप्त किये हुए छात्रों का नामांकन लिया गया तथा विश्वविद्यालय स्तर के जिन पदाधिकारियों द्वारा उक्त नियम विरूद्ध कार्य की अनुमति दी गई के विरूद्ध विश्वविद्यालय द्वारा अनुशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई किया जाय। अनुवर्ती कार्रवाई विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

उपरोक्त पर संक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

अनु०–यथोक्त।

विश्वासभाजन,
13.09.23
(रेखा कुमारी)
निदेशक (उच्च शिक्षा)

# भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, लालूनगर, मधेपुरा

निदेशक (उच्च शिक्षा), शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक–15/एम1–37/2021–1166 दिनांक–05.04.2023 द्वारा असंबद्ध महाविद्यालयों मे नामांकित/उत्तीर्ण छात्र–छात्रा विवरणी संबंधी जारी प्रपत्र

## प्रपत्र–II

| क्र.सं. | महाविद्यालय का नाम जिसके उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं का मूल प्रमाण पत्र निर्गत कराने का कार्य लंबित है। | कॉलेज कोड | शैक्षणिक सत्र 2011–14 नामित/उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं की कुल संख्या | शैक्षणिक सत्र 2012–15 नामित/उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं की कुल संख्या | शैक्षणिक सत्र 2013–16 नामित/उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं की कुल संख्या | शैक्षणिक सत्र 2014–17 नामित/उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं की कुल संख्या | शैक्षणिक सत्र 2015–18 नामित/उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं की कुल संख्या | शैक्षणिक सत्र 2016–19 नामित/उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं की कुल संख्या | शैक्षणिक सत्र 2017–20 नामित/उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं की कुल संख्या | शैक्षणिक सत्र 2018–21 नामित/उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं की कुल संख्या | कुल छात्र–छात्राओं की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 13 | 14 |
| 1 | पी० एस० आर० के० कॉलेज, सिंहेश्वर। | 1114 | – | 243 / 125 | 516 / 301 | 176 / 135 | 516 / 217 | 410 / 237 | 119 / 98 | – | 1980 / 1113 | |
| 2 | बी०के० कॉलेज, मधेपुरा | 1116 | – | 898 / 232 | 861 / 540 | 450 / 308 | 854 / 533 | 848 / 509 | 146 / 160 | – | 3855 / 2272 | |
| 3 | एस० के० डिग्री संध्या कॉलेज, उदाकिशुनगंज | 1117 | – | 756 / 462 | 592 / 378 | 592 / 355 | 856 / 470 | 852 / 483 | 301 / 203 | 159 / 65 | 4108 / 2414 | |
| 4 | माण्डवी रंजीत इवनिंग कॉलेज, बिराटपुर, सहरसा | 1210 | – | – | – | – | 675 / 336 | 452 / 224 | 234 / 159 | शून्य / 93 | 1361 / 812 | |
| 5 | ए० पी० यादव इवनिंग कॉलेज, त्रिवेणीगंज, सुपौल | 1308 | – | 529 / 283 | शून्य / 46 | 127 / 55 | 556 / 256 | 556 / 319 | 121 / 99 | शून्य / 32 | 1779 / 890 | |
| 6 | इवनिंग कॉलेज, मधेपुरा | 1115 | 557 / 198 | 577 / 410 | 556 / 329 | 319 / 190 | 856 / 397 | 856 / 401 | 494 / 254 | शून्य / 61 | 4195 / 2204 | |
| 7 | जे० एन० एस० पी० एन० इवनिंग कॉलेज, तुरकाही, सबैला, मधेपुरा | 1113 | – | 517 / 211 | 525 / 256 | 202 / 143 | – | 405 / 165 | 296 / 118 | शून्य / 41 | 1945 / 934 | |
| 8 | के० यादव एन० कॉलेज, रामपुर, मुरलीगंज, मधेपुरा | | – | – | – | – | 556 / 313 | शून्य / 47 | शून्य / 12 | शून्य / 14 | 556 / 942 | |
| 9 | एस० सी० कॉलेज, मुरलीगंज, मधेपुरा | 1208 | – | – | – | – | 640 / 314 | 589 / 257 | 545 / 300 | – | 1774 / 871 | |
| 10 | एस० एन० सिंह महिला कॉलेज, सुपौल | 1305 | – | – | – | – | 125 / 95 | 102 / 73 | 81 / 75 | – | 308 / 245 | |

प्रशाखा पदाधिकारी, परीक्षा 10/04/23

उपकुलसचिव पंजीयन 10/04/23

परीक्षा नियंत्रक 10/4/23

35458

कुलसचिव 10.4.23

पत्रांक–14/ए०एफ०–05/2013
बिहार सरकार
उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अमित कुमार पुष्पक,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
बी० एन० मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा।

पटना, दिनांक........../..........2024

विषयः– इवनिंग कॉलेज, मधेपुरा को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के अनुशंसित विषयों में सत्र 2024–28 से पास एवं प्रतिष्ठा स्तर का स्थायी संबंधन प्रदान किए जाने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा CWJC No.-12602/2023 दिनांक–04.07.2024 को पारित न्यायादेश तथा विश्वविद्यालय पत्रांक– G/S(IC-30/11)-660/24 दिनांक–13.07.2024 के संबध में निदेशानुसार कहना है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 की धारा 21 (2) (d) के अधीन एवं राज्यपाल सचिवालय द्वारा निर्गत परिनियम 1098 दिनांक–19.04.1986, पत्रांक 3196 दिनांक–14.12.2017 एवं पत्रांक–3074 दिनांक–25.10.2019 के आलोक में राज्य सरकार द्वारा इवनिंग कॉलेज, मधेपुरा को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के अनुशंसित विषयों में सत्र 2024–28 से पास एवं प्रतिष्ठा स्तर का स्थायी संबंधन की सहमती इस शर्त्त के साथ प्रदान की जाती है कि महाविद्यालय द्वारा सी0बी0सी0एस0 के तहत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के लिए वांछित यथा आवश्यक आधारभूत सरंचना, मानवबल आदि के संबंध में विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत दिशा निर्देश के अनुरूप अद्यतन सुधार कर ली जाएगी।:–

| | संकाय | विषय |
|---|---|---|
| 01 | कला संकाय | हिन्दी, अंग्रेजी, मैथिलि, संस्कृत, उर्दू, फारसी, अरबी, बंगाली, इतिहास, प्राचीन इतिहास, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, गृह विज्ञान, अर्थशास्त्र, ग्रामीण अर्थशास्त्र, श्रम एवं समाज कल्याण, भूगोल, मनोविज्ञान, संगीत, सांख्यिकी, गणित, मानवशास्त्र एवं दर्शनशास्त्र (कुल 23 विषयों में) |
| 02 | विज्ञान संकाय | भौतिकी, रसायनशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, जन्तु विज्ञान एवं गणित (कुल 5 विषयों में) |
| 03 | वाणिज्य संकाय | सभी अनिवार्य विषयों में। |

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन
ह0/–
(अमित कुमार पुष्पक)
सरकार के उप सचिव।

S_AF_144

ज्ञापांक:–14/ए०एफ०–05/2013-1386                                    पटना, दिनांक 27/09/2024

प्रतिलिपि:– माननीय शिक्षा मंत्री के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग के आप्त सचिव/सचिव, शिक्षा विभाग के निजी सहायक/उप सचिव, शिक्षा विभाग/निदेशक, उच्च शिक्षा के निजी सहायक/उप निदेशक, उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग/प्रधानाचार्य, इवनिंग कॉलेज, मधेपुरा को सूचनार्थ प्रेषित।

2. आई० टी० मैनेजर, शिक्षा विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

27/9/24

सरकार के उप सचिव।

AF_14

# भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय

लालूनगर, मधेपुरा – 852113 (बिहार)

पत्रांकः..............................

दिनांकः..............................

**अधिसूचना**

सरकार के उप सचिव, उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना के पत्रांक–14/ए.एफ.–05/2013–1386, दिनांक– 27.09.2024 के आलोक में संदर्भित माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा CWJC No.- 12602/2023, दिनांक– 04.07.2024 को पारित न्यायादेश एवं बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 की धारा 21 (2) (d) के अधीन एवं राज्यपाल सचिवालय द्वारा निर्गत परिनियम 1098 दिनांक– 19.04.1986, पत्रांक– 3196 दिनांक– 14.12.2017 एवं पत्रांक– 3074 दिनांक– 25.10.2019 के आलोक में राज्य सरकार द्वारा इवनिंग कॉलेज, मधेपुरा को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के निम्नांकित विषयों में सत्र 2024–28 से स्नातक पास एवं प्रतिष्ठा स्तर तक स्थायी संबंधन की सहमति महाविद्यालय द्वारा सी.बी.सी.एस. के तहत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के लिए वांछित यथा आवश्यक आधारभूत संरचना, मानवबल आदि के संबंध में विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत दिशा निर्देश के अनुरूप अद्यतन सुधार कर लिए जाने की शर्त्त के साथ प्रदान की गयी है :–

| क्र. सं. | संकाय | विषय |
|---|---|---|
| 01. | कला संकाय | हिन्दी, अंग्रेजी, मैथिली, संस्कृत, उर्दू, फारसी, अरबी, बंगाली, इतिहास, प्राचीन इतिहास, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, गृहविज्ञान, अर्थशास्त्र, ग्रामीण अर्थशास्त्र, श्रम एवं समाज कल्याण, भूगोल, मनोविज्ञान, संगीत, सांख्यिकी, गणित, मानवशास्त्र एवं दर्शनशास्त्र (कुल– 23 विषयों में) |
| 02. | विज्ञान संकाय | भौतिकी, रसायनशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, जन्तु विज्ञान एवं गणित (कुल– 05 विषयों में) |
| 03. | वाणिज्य संकाय | सभी अनिवार्य विषयों में। |

महाविद्यालय द्वारा संदर्भित शर्त्तों/प्रावधानों/प्रक्रियाओं का उल्लंघन किए जाने की स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा संबंधन वापस लिए जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जा सकती है।

माननीय कुलपति के आदेश से

ह0/–

कुलसचिव

ज्ञापांक–G.S.(I/C-030/11)-1106/24.....

दिनांक–24/10/2024

**प्रतिलिपि प्रेषित**– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

01. सचिव/प्रधानाचार्य, इवनिंग कॉलेज, मधेपुरा।
02. संयुक्त सचिव, राज्यपाल सचिवालय, बिहार राजभवन, पटना।
03. सचिव/निदेशक (उच्च शिक्षा), शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना।
04. सभी पदाधिकारी/प्रशाखा/कोषांग, भू. ना. मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा।
05. कुलपति के निजी सहायक/कुलसचिव के आशुलिपिक ग्रेड-I, भू. ना. मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा।

G.K. Singh 24/10/24

कुलसचिव